तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

14 हरिद्वार के शिक्षक गरिमा शिविर में नवागढ़ के 45 शिक्षक हुए ...

12 खुशनुमा हुआ मौसम, मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों...





## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


# खबर संक्षेप

## रक्तदान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पड़पोड़ी में आज रक्तदाताओं हेतु प्रेरित करने जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को मनाया जाता है,इस अवसर पर रक्तदाता को अधिक संख्या में रक्तदान हेतु प्रेरित करने आज स्थानीय भाषा में शपथ दिलाकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें रक्त दान के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया और रक्तदान करने के फायदे बताया गया,रक्तदान जरूरतमंद हेतु अवश्य किया जाना चाहिए लोगो को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी डॉ ओम वैष्णव, ऐश्वर्य साहू एवं सभी स्टॉफ मौजूद थे।

## 93 बच्चे स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित

**बेमेतरा।** जिले के असहाय एवं अनाथ बच्चों के जीवन में आशा की किरण बनकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम (स्पॉन्सरशिप योजना) सामने आया है। इस योजना के तहत जिले के 93 बच्चों को प्रतिमाह 4,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। यह राशि बच्चों को अधिकतम तीन वर्ष अथवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दी जाएगी।
इस योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है, वे भूमिहीन हैं, गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं या फिर जीवन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। जिले में सुशासन तिहार के दौरान बाल कल्याण समिति ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर 40 पात्र बच्चों को योजना से लाभान्वित किया।
बाल कल्याण समिति बेमेतरा के माध्यम से बच्चों एवं उनके स्वजन को योजना की राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने हेतु जागरूक किया गया। समिति ने स्पष्ट किया कि यह राशि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च की जाए, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

## शीतला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बरगा में शितला सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सरपंच नंदकुमारी ठाकुर के नेतृत्व में पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि डोमार वर्मा, दादु साहू, जोहन पाल, श्रवण साहू , पं. नीलधर तिवारी एवं ग्रामीणजन अंतराम साहू, गौतम साहू, सम्मन वर्मा, हेमंत साहू, थानसिंह साहू, भागवत साहू, अरूण साहू, अजय साहू, मोनू साहू, दादु वर्मा, उत्तम वर्मा तथा सूरज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सामुदायिक भवन की स्वीकृति एवं विकास कार्यों में सहयोग के लिए समस्त ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव के प्रति आभार प्रकट किया।

## म्यूल खाते के नाम पर धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते का उपयोग कर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2), 318(4),61(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# नेताओं की खींचतान में भाजपा जिला और मंडल की कार्यकारिणी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा का संगठन चुनाव बीते वर्ष के दिसंबर माह में पूरा हो चुका है। जिला अध्यक्ष से लेकर सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा भी महीनों से कर दी गई है। ओर संगठन विस्तार को लेकर काम शुरू कर दिया गया था। जिला संगठन ने सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यकारिणी बनाकर उपलब्ध कराने को कहा था। परंतु पांच, छै महीने बाद भी अब तक अधिकांश मंडल की कार्यकारिणी की सूची जारी नहीं हो पाई है।

भाजपा सूत्रों की माने तो पार्टी के आला नेताओं के बीच अपने समर्थकों के नाम जुड़वाने की खींचतान के चलते सूची का जारी होना अटका हुआ है। मंडल की कार्यकारिणी अटकी होने के कारण जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार नहीं हो पा रहा है। जबकि प्रदेश स्तर से कार्यकारिणी बनाकर जारी करने के साफ निर्देश जारी किए जा चुके हैं। हालांकि भाजपा के नेताओं का कहना है कि जिले के अधिकांश मंडल अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी तैयार करने के साथ ही उसकी प्रति जिला संगठन को सौंप दी है।

**उम्र दराज को मंडल अध्यक्ष बनाने का आरोप:** राष्ट्रीय ओर प्रदेश नेतृत्व ने संगठन के पदों पर नियुक्त होने वालों के लिए एक तय उम्र सीमा निर्धारित किया गया है जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए 45 वर्ष की आयु पूरी होने ओर 60 वर्ष के भीतर हो वही मंडल अध्यक्ष के लिए 45 वर्ष तक सीमा रखी गई है। परंतु पार्टी के भीतर के साथ सोशल मीडिया भाजपा के कार्यकर्ता जिले के तीन मंडलो की अध्यक्ष की 50 साल की उम्र पर नियुक्ति पर सवाल उठा रहे हैं ।

### जिले के 13 मंडलों की कार्यकारिणी जारी होना शेष और जिला भाजपा की टीम भी अधूरी

#### चार महिला रखना जरूरी

मिली जानकारी के अनुसार मंडल कार्यकारिणी के सेटअप में दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष एवं चार मंत्री यानि कुल मिलाकर इन 11 पदों में से कम से कम चार महिला को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी के 45 सदस्यों में से एक तिहाई यानि लगभग 15 महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाना अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा एसटी, एससी व स ओबीसी वर्ग से भी कार्यकर्ताओं को रखने का मापदंड तय कर दिया गया है। इन सेटअप के तहत नेताओं को कार्यकारिणी में फिट करने में भी दिक्कतें आ रही है।



#### मंडल के बाद जिले की बारी

भाजपा सूत्रे से मिली जानकारी के अनुसार मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला संगठन के विस्तार पर मंथन शुरू किया जाएगा। बताया गया कि जिला संगठन में अध्यक्ष की ही नई नियुक्ति हुई है। ऐसे में शेष सभी पदों को लेकर नए लोगों के साथ ही पुराने वफादार कार्यकर्ताओं को अवसर देने का काम किया जाएगा। सभी मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद ही जिला कार्यकारिणी की सूची जारी होने की बात कही जा रही है ।

### मौसम : बुधवार को दिनभर चला सुधार अभियान

# आंधी से कई दर्जन पोल धराशायी गांवों में रहा ब्लैकआउट, शेड टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार की देर शाम आई आंधी और तेज बारिश ने जिले में भारी तबाही मचाई। तेज हवा के झोंकों ने कई जगहों पर राइस मिलों के शेड उड़ा दिए, वहीं ग्रामीण इलाकों में दर्जनों बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। इससे कई गांवों में रातभर बिजली गुल रही। लोगों को गर्मी और अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बिजली विभाग ने बुधवार को मरम्मत अभियान चलाया, जिससे बुधवार देर शाम तक अधिकांश क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल हो सकी।





#### बिजली के खंभे टूटे, तारों में फॉल्ट

बेमेतरा शहर सहित ढारा, नवलपुर ,मोहतरा, नवागढ़, बेरला, परपोड़ी और साजा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में तेज आंधी की वजह से बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। कई जगहों पर तारों में शॉर्ट सर्किट और ट्रांसफॉर्मर डैमेज की खबरें भी आईं।

#### रातभर बिजली गुल, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

सोमवार की रात से मंगलवार सुबह तक कई मोहल्लों और गांवों में बिजली पूरी तरह ठप रही। लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। बच्चों और बुजुर्गों को तेज गर्मी और उमस से काफी तकलीफ हुई। मोबाइल चार्जिंग, पानी की आपूर्ति, कूलर-पंखे जैसी सुविधाएं ठप हो गईं।

#### बुधवार को बिजली विभाग ने चलाया सुधार अभियान

बिजली विभाग की तत्कालीन टीमों ने सुबह से ही खंभे और तार बदलने का काम शुरू किया। जेसीबी और ट्रैक्टर से पोल खड़े किए गए, ट्रांसफॉर्मर को सुधारा गया। दोपहर तक शहर के कई हिस्सों में बिजली बहाल हो गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शाम तक व्यवस्था सामान्य हो सकी।

#### राइस मिल का टिन शेड उड़कर गिरा सड़क पर

बालसमुंद रोड नवागांव में स्थित एक प्राइवेट राइस मिल का बड़ा टिन शेड तेज हवा में उखड़कर सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने तुरंत सड़क से टिन हटवाया ताकि आवागमन बाधित न हो।इस आंधी-तूफ़ान और तेज़ वर्षा के कारण श्रीमय एग्रो इंडस्ट्रीज नवागांव को गंभीर क्षति पहुँची है। तेज़ हवाओं के कारण मिल का लोहे का शेड उड़कर लगभग 300 मीटर दूर खेत में जा गिरा, जिससे मिल परिसर का सुरक्षा कवच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। श्रीमय एग्रो की संचालिका प्रभा निर्वाणी ने जानकारी दी कि घटना के समय कोई जनहानि नहीं हुई, जो ईश्वर की कृपा मानी जा सकती है। हालांकि, मिल में रखा गया कच्चा माल — चावल, धान, खंडा, कोढ़ा और रफ़ी भारी वर्षा के पानी में भीग जाने के कारण पूरी तरह खराब हो गया है। प्रभा निर्वाणी के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा से उद्योग को लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जिसमें प्रमुख रूप से मिल की मशीनरी,इंफ्रास्ट्रक्चर और कच्चे माल की क्षति शामिल है।

## नपा अध्यक्ष सिन्हा बोले-बुजुर्गों से संवाद कर मिली ऊर्जा व मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के गांधी भवन में बुधवार को पेंशनर्स संघ द्वारा सम्मान और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशनधारियों के अनुभवों, संघर्षों और सामाजिक योगदान को सम्मान देना और उनके साथ सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर जिला अध्यक्ष कृष्णा कुमार तिवारी, अग्रवाल और कुंजीलाल दुबे सहित पेंशनर्स संघ के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। सभा की शुरुआत पेंशनधारियों के स्वागत और सम्मान से हुई।

संघ के सदस्यों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा का भी शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सम्मान और संवाद का अद्भुत संगम सभा को संबोधित करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि पेंशनधारियों के साथ सहभागिता करना मेरे लिए एक सम्मानजनक अनुभव रहा। उनके संघर्षों को सुनकर आत्मिक संतोष मिला। समाज के निर्माण में इनका योगदान अतुलनीय रहा है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में बुजुर्गों के महत्व को उजागर करते हैं। यह केवल सम्मान का नहीं, संवाद का भी अवसर है। पेंशनधारियों की बातें सुनना, उनके अनुभवों से सीखना वास्तव में एक प्रेरक क्षण रहा।

#### बुजुर्गों के चेहरे पर दिखी संतुष्टि की झलक

कार्यक्रम के दौरान कई पेंशनधारियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। कुछ ने अपनी सेवाकाल की बातें सुनाईं, तो कुछ ने वर्तमान सामाजिक व्यवस्था पर सुझाव दिए। इस अवसर पर युवाओं को भी बुजुर्गों के अनुभव से सीखने की बात कही गई।

#### संघ की सराहनीय पहल

पेंशनर्स संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को नगर में सराहना मिल रही है। वरिष्ठ नागरिकों ने इसे अपनी आवाज़ और मंच मिलने के रूप में देखा। अंत में पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने आभार प्रदर्शन करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि बुजुर्गों का अनुभव समाज तक पहुंचे और नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके।



## प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले के 54 नोडल प्राचार्य हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कमल कपूर बंजारे के निर्देशानुसार तथा सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा एवं आर. टी. ई. के जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के समुचित क्रियान्वयन हेतु जिले के नोडल प्राचार्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिले के चारो विकासखंडों से कुल 54 नोडल प्राचार्य उपस्थित हुए।

यह प्रशिक्षण राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स व्याख्याता सिलोचन साहू (नवागढ़),महेन्द्र वर्मा (बेरला),संजय वर्मा (बेमेतरा),एवं नीलाभ मिश्रा) ने प्रदान किया। प्रशिक्षण में शिक्षा के अधिकार अधिनियम में उल्लिखित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए अशासकीय विद्यालयों में प्रतिवर्ष प्रारंभिक /एंट्री लेबल कक्षा मे कुल निर्धारित सीट के 25%में अलाभप्रद एवं दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क एवं अनिवार्य रूप से प्रवेश प्रदान करने के सम्बन्ध मे विस्तृत चर्चा की गई।

साथ ही अशासकीय विद्यालयों द्वारा सीट के प्रकटीकरण, पोर्टल में कार्यों का ऑनलाइन संपादन उपरांत नोडल प्राचार्य द्वारा सत्यापन, हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में जानकारियों का प्रस्तुतीकरण, नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग, अशासकीय विद्यालयों की प्रो फाइलिंग एवं मैपिंग शुल्क प्रतिपूर्ति का सत्यापन, 2020 से 2025 तक ▶▶| शेष पेज 13 पर

## कुंडली दोष दिखाकर महिला से ब्लैकमेलिंग, बाबा गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह और कुण्डली दोष का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए का ठगी कर ब्लैक मेलिंग करने वाले बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4),308(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि फ्लैट नम्बर 120 द्वितीय तल सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट जुनवानी निवासी पल्लवी जायसवाल वर्ष 2022 में कालीबाड़ी मंदिर नेहरू नगर के पुजारी परिचय मिश्रा को अपनी जन्म कुंडली दिखाया था। कुंडली से अपने स्वास्थ्य रोजगार के बारे में भी पुजारी से चर्चा की थी। तब परिचय मिश्रा ने कुंडली मे काफी दोष होना बताकर ग्रहों को शांत कराने पूजा करवाने की सलाह दी। पुजारी ने महिला से कहा कि उनके सिद्ध गुरुजी रोहतक निवासी कुलदीप महाराज के भिलाई आने पर मुलाकात कराने की बात कही थी। इस दौरान जनवरी 2023 में पुजारी परिचय मिश्रा द्वारा महिला को पंडित कुलदीप महाराज से मुलाकात कराया। महिला का कुंडली में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं होना जान का खतरा बता दिया।

### कबीर के उपदेशों के अनुसार जीवन जीने का श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प

# सद्गुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

श्री सदगुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव भारतीय संत परंपरा में कबीर एक ऐसा नाम है जो अन्य सभी नामों पर भारी पड़ता है। महिमा के दृष्टिकोण से भी सदगुरु कबीर राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, नानक, ब्रहमा, विष्णु, शंकर से भी कम नहीं है। उपरोक्त महापुरुष राज घराने में पैदा हुए, बड़े ही लाड प्यार से पले बढ़े, राजकीय सम्मान से आप्लावित रहे।

लेकिन सद्गुरु कबीर एक साधारण जुलाहा दंपत्ति के यहां पले बढ़े, अभावग्रस्त और असुविधा पूर्ण जीवन व्यतीत किए। काशी लहरतारा के किनारे कमल पुष्प पर





पाए गए। पढ़ने-लिखने की कोई सुविधा भी नहीं थी। इसके बावजूद भी विलक्षण प्रतिभा के धनी और वाणी में आकर्षण तथा जैसी कथनी वैसी करनी के कारण आज पूरा विश्व सद्गुरु कबीर साहब से मंत्रमुग्ध है, कायल है और सम्मान की दृष्टि से देखते है। सज्जनों ! सदगुरु कबीर आज भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी सम्मानित है क्योंकि उनकी वाणी और विचार तथा उनके अनुयाई लगातार विदेशों में भी बढ़ रहे है। सज्जनों !

सदगुरु कबीर के संदेशों की आवश्यकता पहले की अपेक्षा आज ज्यादा आवश्यक है। कबीर की वाणी निश्चित रुप से चारों दिशाओं में और अधिक फैलती जा रही है। सदगुरु कबीर साहब की वाणी पढ़े-लिखे और अनपढ़ दोनों के लिए आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। कबीर की वाणी एक ऐसा आईना है जिसमें कोई भी अपना असली चेहरा देख सकता है। सद्गुरु कबीर का ज्ञान सबकी असलियत सामने रख देती है। सदगुरु कबीर साहब पुस्तक की ज्ञान को विशेष महत्व नहीं दिया। बल्कि अनुभव ज्ञान को ही महत्व दिया। सद्गुरु कबीर को समझने के लिए निर्भ्रांत विवेकी बनना होगा। विवेक हीन व्यक्ति जीवन भर भ्रम में पड़ा रहेगा। सदगुरु कबीर साहब का ज्ञान लिखित नहीं मौखिक ज्ञान है और मौखिक ज्ञान लिखित से ज्यादा प्राणवान होता है। वेदों के ऋषियों ने अपने शिष्यों को वेद मंत्र लिखवाया नहीं था, बल्कि सुनाया था। इसीलिए वेद का एक नाम श्रुति है। बुद्ध महावीर ने भी मौखिक उपदेश दिए है बाद में उनके उपदेशों को लिख लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### सेल को आर्थिक ऑपरेटर-टियर-II की मान्यता

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - टियर-II की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया एईओ कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है । सेल के कार्यकारी निदेशक ने सीमा शुल्क निदेशालय, दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे, जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

### मौसमी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 अंक हासिल किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बोर्ड से दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गोढ़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मौसमी पाल ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिसे लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने मौसमी के उज्वल भविष्य की कामना की।



गोढ़ी के सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए मौसमी ने दसवीं कक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दुर्ग जिले की शिक्षा व्यवस्था पर चार चाँद लगा दिया। मौसमी के पिता दिनेश कुमार पाल भी अपनी बेटी की उपलब्धि का श्रेय जिले की शिक्षा व्यवस्था को दी है।

### बिजली पोल से दुर्घटना का अंदेशा



**भिलाई।** मैत्रीबाग रोड में ओए बिल्डिंग मोड़ के निकट एक अनियंत्रित वाहन ने एक बिजली पोल को ठोकर मार दी। इससे पोल एक तरफ मुड़ गया है और बिजली के तार भी झुक गये हैं। इसके चलते कभी भी बिजली अवरोध के साथ दुर्घटना हो सकती है। इस व्यस्ततम मड़ौदा सेक्टर रोड पर दिनभर आवाजाही होती रहती है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से जल्द क्षतिग्रस्त पोल को ठीक किए जाने की मांग की है।

### सेक्टर 4 में जहरीला नाग देख सहमे लोग



**भिलाई।** बेमौसम बारिश के दस्तक देते ही टाउनशिप में सांपों के घरों में घुसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सेक्टर 4 में आज एक जहरीला नाग देख लोग सहम गए। करीब आधा घंटा बाद सांप को पकड़ने में मदद मिली। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। आज शाम करीब चार बजे सेक्टर 4- क्वार्टर 7- बी में अचानक एक सांप दिखाई देने से रहवासियों सहित आसपास के लोगों में डर का मौहाल रहा। घर के बाहर किचन गार्डन में जहरीला नाग एक मेंढक को मुंह में दबाए विचर रहा था। पहले घर वालों ने इसे सर्प को लंबा होने के कारण असोढ़िया सांप समझा और भगाने के लिए पानी डालने लगे। सर्प के फन उठाकर फुफकारने और विष उगलने से घरवालों को इसके जहरीला नाग होने का अंदाज लगा। इसके बाद सांप पकड़ने वाले राजेश महादेव को रेस्क्यू करने के लिए बुलाया गया। दस मिनट तक छकाने के बाद सर्प को पकड़कर बोरी में बंद कर निर्जन इलाके में सुरक्षित छोड़ दिया गया। गौरतलब हो कि दो दिन पूर्व भी सेक्टर 7 में एक जहरीले सांप को पकड़ा गया था।

# खुशनुमा हुआ मौसम, मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

## पक्षियों और जानवरों की भी बढ़ी उछलकूद, पर्यटक ले रहे सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मैत्रीबाग में चिड़ियाघर में उछलकूद करते खरगोशों के साथ सफेद चूहे गिनपिग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां दर्जनभर खरगोश और सफेद चूहे हैं। बच्चे करीब से देख रोमांचित होकर मोबाइल से सेल्फी लेते रहते हैं। मौसम के खुशनुमा होते ही जू में सैलानियों की रौनक बढ़ गई है। भीषण गर्मी में अपने कैज में दुबके रहने वाले कई वन्य प्राणियों को चपलता बढ़ गई है।

खुशनुमा मौसम ने मैत्रीबाग में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। सर्द मौसम से यहां पक्षियों की चहचहाहट बढ़ने के साथ जानवरों की भी उछलकूद बढ़ने से पर्यटक रोमांचित हैं। खासकर बच्चे इन्हें देखकर खासे खुश दिखाई दिए। बड्र्स काम्पेक्स में अपने अलग अलग कैज में उछलकूद करते खरगोशों और सफेद चूहों को देख छोटे बच्चे मोबाइल से फोटोग्राफी व सेल्फी भी लेते रहे। इनके अलावा ग्रामीणों द्वारा पकड़क लाया गया कबरबिज्जू भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौसम सर्द होते ही पूरा बड्र्स काम्पलेक्स परिंदों के कलरव से गुलजार है। यहां लव बड्र्स, पांच उल्लू, बाज, मोर, सारस, व तोते आदि कई प्रजाति के पक्षी हैं।





### हिरणों की चौकड़ी से बच्चे रोमांचित

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में मौसम बदलते ही गर्मी में बैचैन दिखाई देने वाले हिरणों, सांभरों और वाइट टाइगर आदि जानवरों की भी उछल कूद दिखाई देने लगी है। ठंडे मौसम व फुहारों का लुत्फ उठाते हुए हिरणों को झुंडो में चौकड़ी भरते देख पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। यहां सौ से अधिक हिरण हैं। पर्यटकों ने बताया कि हिरणों को इतना तेज भागते जंगल में ही देखा है। इनके अलावा वाइट टाइगरों को भी धमाचौकड़ी करते देख बच्चे खुश हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को बीएसपी से नहीं मिल रहा पर्याप्त आर्डर

# स्थानीय इंडस्ट्रीज पर भारी पड़ रही बाहरी उद्योगों की मोनोपली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर के साथ प्रदेश और देश के विकास में महती योगदान देने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। एक ओर लघु और सहायक उद्योगों को आर्थिक बदहाली का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्यमी व श्रमिक बस्तियों को के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इस मामले में सरकार सहित जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम और सहायक उद्योग स्थित हैं। इनके अलावा कई हैवी इंडस्ट्रीज भी हैं। 1960 में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया था। सहायक उद्योग भिलाई इस्पात संयंत्र के आर्डर यानी इंक्वायरी पर निर्भर हैं। विभिन्न ट्रेडों के यह उद्योग बीएसपी से आर्डर मिलने के बाद उसके लिए कल पुर्जे, उपकरण व पाट्र्स आदि बनाकर सप्लाई करते हैं। लेकिन पिछले कई साल से पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से अधिकतर सहायक,छोटे, मध्यम व छोटे उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। बाहर की बड़ी कंपनियों का बीएसपी के आर्डर पर वर्चस्व होने के कारण स्थानीय उद्योगों को पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। उद्यमियों के मुताबिक क्षमता के अनुरुप इंक्वायरी नहीं मिलने से उद्योग चलाना मुश्किल होता जा रहा है और वर्कर्स को सुविधाएं व अन्य देनदारियां पूरी नहीं कर पा रहे हैं। प्रबंधन को बिना किसी भेदभाव के सभी उद्योगों को समय पर आर्डर व भुगतान किए जाने की जरुरत है।

## कई उद्योग हुए बंद कई बदहाली का कर रहे सामना



### टैक्स व लोन में भी बढ़ रही दिक्कतें

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को एक तरफ तो बाहर की कंपनियों की मोनोपली के चलते काम की किल्लत से जूझना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्योग विभाग व राज्य सरकार की उपेक्षा भी भारी पड़ रही है। महंगाई बढ़ने से कच्चे माल व लागत बढ़ने के बाद भी टैक्सेसे में रियायत नहीं मिल रही है। कई छोटे उद्योंगों को बैंकों के लोन लेने और फिर अदा करने में पसीना छूट रहा है। राज्य व केंद्र सरकार की उद्योग नीति का जमीनी फायदा उद्यमियों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। उदमियों के के मुताबिक उद्योगों के शहर व राज्य के विकास में योगदान के साथ हमारी परेशानियों को देखते हुए सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसा स्लम

औद्योगिक क्षेत्र में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम व छोटे उद्योग हैं। पिछले दो तीन दशकों के दौरान बदहाली के चलते कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई काम नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं कई उद्योगों ने अपने ट्रेड भी बदल लिये हैं। उद्योगों की बदहाली के अलावा औद्योगिक क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। हथखोज रोड और छावनी जामुल रोड के अलावा अंदर की अधिकतर सड़के जर्जर हैं। बारिश में आवाजाही मुश्किल और गाड़ियां फंसती रहती हैं। पेयजल, सफाई और के साथ छावनी, एसीसी और ट्रांसपोर्टनगर के पीछे श्रमिक बस्तियां स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरे में डूबी हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया धूल, धुएं और डस्ट से यहां रहवान मुश्किल हो रहा है।

## केदारनाथ यात्रा के लिए निकले युवक की मौत, एयर प्लेन से पहुंचेगा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केदारनाथ उत्तराखंड के लिए निकले युवक की मौत हो गई। घटना 9 जून की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जवाहर नगर दुर्ग निवासी जीएसटी कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ विजय सिंह भारद्वाज 34 वर्ष अपने दोस्तों के साथ केदारनाथ के लिए निकले थे। इस दौरान 9 जून को बाबा के दर्शन के बाद अचानक विजय सिंह की तबियत बिगड़ गई। जिसे तुरंत उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित कर दिया। विजय सिंह का शव मंगलवार देर रात एयर प्लेन से दुर्ग पहुंचेगा। वे बालोद के ट्रेजरी आफसर मुकुंद सिंह भारद्वाज के पुत्र,शिक्षक नगर दुर्ग निवासी संजय सिंह, ईश्वर सिंह राजपूत के भतीजे थे। शव के पहुंचने के बाद 11 जून को उनकी अंतिम यात्रा निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्व. विजय सिंह भारद्वाज के निधन पर शिक्षक नगर युवा विकास समिति, जवाहर नगर गृह निर्माण समिति, राजपूत समाज के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया गया है। गौरतलब हो कि केदारनाथ दर्शन के लिए रूआबांधा का एक युवक भी निकला था। हादसे में उसकी जान चली गई।



## 11 माह से लापता युवती का सुराग नहीं



**भिलाई ।** ग्यारह माह से लापता युवती का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने शिकायत एसएसपी से की है। नंदिनी रोड लक्ष्मी पारा जामुल के एक परिवार की 20 वर्षीय युवती लंबे समय से लापता है। सुराग नहीं मिलने से परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। युवती के परिवार वाले लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने दुर्ग एसएसपी कार्यालय पहुंचकर घटना के बारें में शिकायत किया है। पीड़ति परिवार को लापता युवती की जल्द बरामद करने की गुहार भी लगाई। मिली जानकारी के मुताबिक 14 जुलाई 2024 की शाम युवती अपनी सहेली के यहां जाने ऑटो में सवार होकर निकली थी। लेकिन सहेली के यहां नहीं पहुंची। जिसके बाद युवती के परिजनों ने उसी दिन जामुल थाने में लिखित शिकायत भी किया था। शिकायत करने दिलीप देशलहरा, अश्लेश मरावी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, ममता वर्मा, अन्नू,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, राजेंद्र रजक पहुंचे थे।

## घासीदास नगर में डीआईसी की कार्रवाई पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सांसद विजय बघेल के सहयोग से 100 से अधिक लोगों को राहत



घासीदास नगर एसीसी चौक क्षेत्र के 18 से अधिक परिवारों के लिए उस समय बड़ी राहत की खबर आई, जब जिला उद्योग केंद्र द्वारा की जा रही कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक रोक दिया गया। यह सफलता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के अथक और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने प्रारंभ से ही प्रभावित परिवारों की आवाज बनकर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। इस कार्यवाही के चलते लगभग 100 से अधिक लोग प्रभावित हो रहे थे और उन्हें वर्षा के इस कठिन मौसम में बेघर होने का भय सताने लगा था। पीड़ितों की तकलीफ को समझते हुए स्वीटी कौशिक ने प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए और समय पर एक सशक्त नेतृत्व की भूमिका निभाई। हालांकि, इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब दुर्ग सांसद विजय बघेल ने इस विषय में सक्रिय हस्तक्षेप किया। बघेल ने तत्काल संबंधित विभागों से संपर्क कर संवेदनशीलता के साथ मामला उठाया और सुनिश्चित किया कि वर्षा ऋतु के मद्देनज़र प्रभावित लोगों को राहत दी जाए। उनके सहयोग से कार्यवाही को रोकने का निर्णय लिया गया। इस पूरे प्रकरण में स्वीटी कौशिक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने न केवल इस मामले को उठाया बल्कि सतत प्रयास करते हुए उसे सही दिशा दी। उनकी सजगता, जनसेवा के प्रति समर्पण और नेतृत्व कौशल के कारण ही यह राहत संभव हो सकी। प्रभावित परिवारों ने इस मानवीय पहल के लिए स्वीटी कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया है और साथ ही सांसद विजय बघेल को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है, जिनकी तत्परता से प्रशासन ने समय रहते जरूरी निर्णय लिया। यह उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि जब ज़मीनी नेतृत्व और जनप्रतिनिधि मिलकर काम करते हैं, तो जनसरोकार के मुद्दों का समाधान संभव होता है। स्वीटी कौशिक की यह पहल जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की एक प्रेरणास्पद मिसाल है।

### जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड में 85 प्रतिशत वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज की महत्वपूर्ण बैठक परमेश्वरी भवन, कैंप -2 बैकुंठ धाम भिलाई में की गई। इस दौरान प्रसिद्ध पंडवानी गायक झाडू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को 11 बजे से डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम, कैम्प -2, भिलाई में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद विजय बघेल सहित सभी विधायक को आमंत्रित किया गया है। बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई। समारोह में शिक्षा सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा।

## ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग 14 स्वर्ण, 12 रजत, 23 कांस्य के साथ बना रनर अप

**भिलाई।** 20वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 14 स्वर्ण पदक,12 रजत पदक, 23 कांस्य पदक सहित कुल 49 पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।



7 से 9 जून तक छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जहां स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी प्राप्त किया। दुर्ग जिला के बच्चे जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। राकेश गोस्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सबजूनियर और जूनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे हरिद्वार और कैडेट और सीनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य रूप से कोच अनील कुमार देवांगन, चंद्रकुमार साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, ज्योति वर्मा, ईशु यादव और धारा गोस्वामी जिनके द्वारा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को कोच का मार्गदर्शन मिला।

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कार्तिके पुरी गोस्वामी, ख्याती वर्मा, सूर्य पुरी गोस्वामी, आरवी गोयल, सागर बंजारे, काव्य देवांगन, जतिन नायक, सोनिया सोनी, विनय मेश्राम, तनमय साहू, प्रयास यदु, रूही देशमुख रहे। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अरुणभ कुमार, सुहाना गारुडीक, कुशमिता साहू, दिव्यांश देवांगन, सांची चौहान रहे। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आरव वर्मा, हर्षित शर्मा, शिवाय साहू, श्रेयश शर्मा, भाव्या देशमुख, श्रेयशी गारूडीक, वैष्णवी शर्मा, ए ओमिशा राव, हर्ष कुमार शिववंशी, तुष्य देवांगन, ओमय जांघेल, वैभव साहू, श्रेया दास, रेयांशी देवांगन, दिव्यांश जांघेल, रिद्धि डहरिया, शुक्लंबर यादव, नव्य साहू, सोविंद ताम्रकार, जिया साहू रहे। सभी खिलाड़ियों को दुर्ग सांसद विजय बघेल, धनसिंह चंद्राकर, जितेंद्र साहू ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण मित्रों की गुहार

# सूखा व गीला कचरा अलग करने से होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक किया गया। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कचरा प्रबंधन करने के साथ सफाई कर्मियों के योगदान को सराहा और लोगों से स्वच्छ पर्यावरण के लिए सफाई मित्रों को मदद करने का भी आह्वान किया गया। टाउनशिप बीएसपी टाउनशिप में पर्यावरण मित्र के रुप में सफाई मजदूर रोज अपने सफाई कार्य से पर्यावरण को स्वच्छ रखने में योगदान दे रहे हैं। सर पर टोपी, कंधे पर झोला और सीटी बजाते हु घर घर दस्तक देने वाले यह सफाई कर्मियों ने भी टाउनशिप को स्वच्छ व सुंदर बनाने के संकल्प के साथ आमजनों से भी इस मामले में जागरुक रहने की गुहार की है।

सुपरवाइजर सुनीता बताती हैं कि हम रहवासियों को बार-बार समझाते हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए, लेकिन बहुत कम लोग इस पर ध्यान देते हैं। कई बार लोग दरवाज़े पर कचरा देने की बजाय उसे बाद में सड़क पर ही फेंक देते हैं। लोगों के जागरुकता से हमारा उत्साह बढ़ेगा। मालती कुर्रे बताती हैं कि हम आपके, समाज और पर्यावरण के लिए काम करते हैं। पर कुछ लोग हमसे बात करना भी ज़रूरी नहीं समझते हैं।

बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग न केवल कचरा प्रबंधन, बल्कि रीसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग की योजनाओं को भी क्रियान्वित कर रहा है। गीले कचरे से खाद बनाकर संयंत्र के बगीचों में उपयोग किया जाता है। सूखे कचरे के लिए अलग योजना है, जिसमें उसे इकट्ठा करने वाले सफाईकर्मियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिल जाती है।

## जामुल नपा अध्यक्ष निकले सफाई व्यवस्था का जायजा लेने



**भिलाई।** बारिश से पूर्व नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है। इस दौरान वार्ड 2 में चल रहे नाली निर्माण के विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया है। उन्होंने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना है। वार्ड 1 में पानी टंकी को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए टंकी में बोर डालने का निर्देश दिया है।

नपा अध्यक्ष अपने निधि से वार्ड में पानी टंकी की व्यवस्था करने को कहा है। सफाई व्यवस्था में नपा अध्यक्ष संतुष्ट हुए। इसके अलावा बारिश से पूर्व पालिका क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई करने को कहा है। आने वाले बारिश में क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया है कि सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देवे। निरीक्षण में पार्षद खम्हन ठाकुर, संजय शर्मा, आनंद साहू, दिलीप गुता गुप्ता, सफाई प्रभारी बसीर खान, रमेश मारकंडेय, पेयजल प्रभारी दयालूराम जंघेल मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय, भोजन व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग 45 दिन, 18 जून से मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिन तथा 23 जून से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी 31 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सहायक कलेक्टर को सौंपा गया स्वतंत्र प्रभार

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत पाटन का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे को 9 जून से 9 जुलाई तक चार सप्ताह की अवधि के लिए सीईओ जनपद पंचायत पाटन के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### शिविर में 55 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

दुर्ग। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे, बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी ने शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया।

## पेज 11 के शेष

### प्रशिक्षण सह ...

ड्रापआउट की स्थिति,समय- सीमा में मे अपडेशन कार्य संपादन, प्रत्येक निजी विद्यालयों की पृथक-पृथक संधारण एवं अद्यतीकरण आदि बिंदुओं पर सार्थक चर्चा की गई एवं नोडल प्राचार्यों की शंका का समाधान किया गया। आर.टी.ई.अन्तर्गत लाटरी के बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची संबंधित स्कूलों को भेजना एवं पावती प्राप्त करने साथ ही आर. टी.ई. के नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश भी दिया गया। उक्त प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में साजा एवं नवागढ़ तथा दूसरी पाली में बेरला एवं बेमेतरा के नोडल प्राचार्य उपस्थित हुए।

# एक पेड़ मां के नाम में जुटे अफसर और नेता, दूसरे दिन उखाड़ ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। बोरसी वार्ड में विगत दिनों पर्यावरण दिवस के दिन काफी तामझाम के साथ पौधे रोपे गए थे। प्रगति मैदान में पूर्व सांसद सरोज पांडेय से लेकर विधायक गजेन्द्र यादव सहित कई बडे नेताओं ने अपनों हाथो से पौधा रोपा था। लेकिन दूसरे ही दिन पौधे को इसलिए उखाडकर ले गए कि, यहां फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ है।

सवाल यह है कि, अगर फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ था तो अभियान चलाकर सिर्फ फोटो खिंचाने की मकसद रह होगी। पौधे लगाने के बाद इसे उखाड दिए जाने से बोरसी वार्ड के लोगों में भी जमकर नाराजगी सामने आई है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा है कि, पौधे लगाना फिर उसे उखाडना यह कहां कि संवेदनशीलता है। उन्होने कहा मुझे भी पौधे उखाडे जाने की जानकारी मिली है। उन्होने कहा इस मामले में निगम प्रशासन की उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

**बोरसी वार्ड के लोगों में दिख रहा आक्रोश, कांग्रेस ने कहा कार्रवाई हो**







**जानकारी मिली**

बोरसी के प्रगति मैदान में पौधे रोपने के बाद उसे उखाडने की जानकारी मिली है। यह कृत्य ठीक नही है। ऐसे कर्मचारियों पर कडी कार्यवाही की मांग करेंगे।
-**संजय कोहिले**, नेता प्रतिपक्ष

**फैंसिंग के बाद लगाएंगे**

प्रगति मैदान में फैसिंग नही होने के कारण पौधे निकाले गए है। फैसिंग के बाद ऐसे पौधों को फिर से लगाया जाएगा। वैसे वही पर डेढ सौ से अधिक पौधे भी लगाए है।
**काशीराम कोसरे**,
प्रभारी पर्यावरण विभाग दुर्ग

## आक्रोश : महिलाओं ने कहा आधा दर्जन गांव के बच्चे बघेरा स्कूल में पढ़ते है

# शराब भट्ठी खोलने के विरोध में सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड क्र. 56 बघेरा में शराब भट्ठी के विरोध में सैकडों महिलाएं व बडी संख्या में वार्डवासी कलेक्टोरेट पहुंचे थे। रैली निकालकर वे सभी कलेक्टर परिसर में प्रवेश करने वाले थे कि, पुलिस जवानों ने उन्हें बेरीगेट्स लगाकर रोक दिया। जहां महिलाओं का गुस्सा और भडक उठा। इस दौरान जिला प्रशासन और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के खिलाफ वार्डवासियों ने जमकर नारेबाजी की है। उन्होने साफतौर पर कहा है कि, अगर बघेरा में शराब दुकान खोला गया तो बडा आंदोलन किया जाएगा।

बघेरा वार्ड में शराब भट्ठी खुलने को लेकर ब्रम्हाकुमारी बहनों ने भी विधायक गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध किया था। मंगलवार को आधा दर्जन गांव जिसमें मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी एवं नगपुरा महिला और पुरूष वर्ग ने शराब भट्ठी खुलने का पुरजोर विरोध किया। बघेरा के लोगों ने कहा कि, ब्रम्हकुमारी द्वारा संचालित आध्यात्मिक आनंद सरोवर में महिलाओं, बच्चों व बुजूर्गो की आवाजाही होते रहती हैं। यहां आनंद सरोवर भी स्थापित हैं, ऐसे में यहां का माहौल भी खराब हो जाएगा। बघेरा की अधिकांश कृषि भूमि रेल्वे पटरी पार होने से अकेली महिलाओं का खेतों में आना-जाना एवं काम करना असुरक्षित हो जाएगा। वार्ड पार्षद ललित ढीमर ने कहा पूर्व में यहां अर्जुन ढाबा के पास एक खेतीहार महिला की हत्या हो चुकी है व रात में लुटपात की घटना यहां आम हो चुकी है।

**वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, की जमकर नारेबाजी**



### कहा- बच्चे शराब भट्ठी से होकर जाएंगे क्या स्कूल?

बघेरा शास. स्कुल का नाम दुर्ग जिला में अग्रणी हैं। बघेरा स्कूल में नयापारा, मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी, नगपुरा के बच्चें यहां पढाई करने आते है। अगर यहां भट्ठी खोलेगें तो क्या बच्चे शराब दुकान को पार करके स्कूल जाएंगे, इसकी चिंता पालको को सता रही है। वहीं बगदई मंदिर भी है। पास में इंडियन किड्स स्कूल में गयानगर, राजीव नगर, शंकर नगर, बैगापारा, मठपारा आदि स्थानों से बच्चें स्कूल पहुंचते है।

### डेढ़ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब दुकानें

बघेरा वार्डवासियों ने बताया कि, पहले ही बघेरा से डेढ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब भट्ठी स्थापित किए गए है। बघेरा से लगा नेशनल हाइवे मुंबई-कोलकत्ता बाईपास दुर्घटना जनित क्षेत्र है। यहां पहले ही नयापारा 1.5 कि.मी. दूरी पर, गंजपारा 1.8 कि.मी. दूरी पर, उरला 1.4 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा लेफ्ट साइड 1.8 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा राइड साइड-1.8 कि.मी. दूरी और रेल्वे स्टेशन ग्रीन चौक 1.8 कि.मी. दूरी पर शराब दुकाने है। इसके बाद भी इसी इलाको में भट्ठी खोलने से माहौल बेहद खराब हो जाएगा।

### विधायक गजेन्द्र ने कहा नहीं खुलेगी दुकान

विधायक गजेन्द्र ने कहा है कि, आबकारी विभाग के अधिकारी को शराब दुकान नहीं खोलने निर्देश दिए है। इससे पहले भी क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर दुकान नहीं खोलने आग्रह किया था। विधायक ने कहा बघेरा के नागरिकों ने बताया की कोटनी, नगपुरा, पीपरछेड़ी, गनीयारी भेंडसर जलबांधा क्षेत्र के लगभग 35 गांव को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है। इसी स्थान पर स्कूल है और लोगों के आस्था से जुड़ा मंदिर भी है।

**पूर्व विधायक ने भी दिया समर्थन**

पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा शराब दुकान के विरोध में दुर्ग के पूरे 10 वार्डों के स्थानीय रहवासी लामबंद हो गए हैं। वही पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले भी थे। विरोध स्वरूप ग्रामीण सुबह से ही बघेरा में एकत्रित हुए और इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचे, जहाँ उन्होंने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कहा इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा भाजपा शिक्षा के मंदिर स्कूलों को बंद कर एक साल में 70 से अधिक नई शराब भट्टियाँ खोली हैं। ये कैसा 'सुशासन' है? यह सरकार प्रदेश को किस दिशा में ले जा रही है।



# अनुकंपा नियुक्ति मामले में आयुक्त ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मामले में कर्मचारियों की जानकारी मांगे जाने के बाद इधर आयुक्त ने सभी को नोटिस जारी कर दिया है। आयुक्त ने कहा है कि मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी। ऐसी आशंका है कि, इन तीन कर्मचारियों के आलावा भी पूर्व में शिकायतों की जांच की जा सकती है।

■ आयुक्त के नोटिस के बाद मची खलबली

जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। हांलाकि वे वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है। वहीं राज्य शासन के आदेश में नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार, सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इन तीनों प्रकरण को लेकर आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा हैं कि, नोटिस जारी कर दी गई है। कार्यवाही जारी है, जल्द ही रिपोर्ट भी तैयार कर ली जाएगी। शासन ने तीनों कर्मचारियों के मामले में क्या कार्यवाही की गई है। इसकी जानकारी उन्होने 24 अप्रैल 2025 को जारी की है। वही इसी मामले में इससे पहले छग लोक आयोग द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास विभाग को बीस मार्च 2025 को पत्र जारी किया गया था।




**राज्य शासन के संज्ञान में गड़बड़ी**

नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा भर्ती के नाम पर किए गए मनमानी की शिकायत राज्य शासन के नगरीय निकाय विभाग तक पहुंच गई है। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को छग लोक आयोग ने पहले ही जानकारी मांगी थी। इस अनुकंपा भर्ती में निगम के कर्मचारियों की भी मिलीभगत होने की बात सामने आ रही है। बहरहाल आयुक्त ने कहा है मामले में नोटिस जारी कर दिया गया है।

## 26 जून तक कर सकेंगे आवेदन

दुर्ग। छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षनुसार खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किये जाने हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्राफी हेतु अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं, इसके साथ-साथ वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों, को नगद राशि पुरस्कार एवं खेलवृति हेतु भी अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं। पुरस्कारों के आवेदन पत्रों का प्रारूप संचालनालय के विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिला कार्यालय, संचालनालय में (कार्यालयीन समय में) सभी आवेदन पत्र 26 जून 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए आवेदक जिला कार्यालय, संचालनालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पीएम आवास के लिए फोन काल और वाट्सअप के जरिए भेज रहे सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रिक्त आवासो के लिए 50 आवेदको को फार्च्यून हाईट्स में प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो को फ़ोन कॉल एवं व्हाट्सप्प के माध्यम से नगरनिगम हितग्राहियों को सूचित कर रही हैं। पात्र 50 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया था। प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया गया था कि, वे डाटा सेंटर में संपर्क कर प्रतीक्षारत इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करनें हेतु निर्देशित किया गया था। अतः 3 दिवस की अवधि समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में फार्च्यून हाईट्स के प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो के द्वारा राशि जमा नहीं किया गया। अतः अवधी समाप्ति पश्चात नये आवेदको को मौका दिया जाएगा। फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जाएगा।

■ निरस्त किये गए 2 आवास, फिर से फॉर्म भरा करेगें आबंटन



### नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल के मेल के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय दुर्ग के अंतर्गत धमधा, दुर्ग एवं पाटन विकासखंड में आने वाले शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को जिले के सभी ब्लॉकों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# परीक्षा ब्रीफिंग : साइंस कॉलेज में 250 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

व्यापमं द्वारा 15 जून को आयोजित होने वाली सहायक विस्तार अधिकारी परीक्षा दुर्ग में 70 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिग में 250 से अधिक अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। इस परीक्षा में दुर्ग-भिलाई में कुल 26045 परीक्षार्थी शामिल होंगे। समन्वयक केन्द्र के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु व्यापमं के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिंग दो बार अर्थात 6 एवं 13 जून को साइंस कॉलेज दुर्ग के राधाकृष्णन हॉल तथा टैगोर हॉल में आयोजित किया जाना है इसी के परिपालन में प्रथम ब्रीफिंग 4 पृथक-पृथक सत्रों में आयोजित की गई। ब्रीफिंग देने वाले मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय दास एवं डॉ. विकास पंचाक्षरी ने परीक्षा से संबंधित प्रत्येक बिन्दु की विस्तार से जानकारी दी । इनके अलावा सहायक समन्वयक डॉ. एके खान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं नोडल हितेश पिस्दा, होमनलाल भोसले ने भी महत्वपूर्ण बिन्दु की जानकारी दी।



## महिला आयोग ने की 30 प्रकरणों पर सुनवाई

# शिक्षक सहित पुलिस जवान के खिलाफ बैठेगी जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने आज दुर्ग जिले में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई की।

■ छग राज्य महिला आयोग ने की सुनवाई

बालगृह परिसर, पांच बिल्डिंग, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 30 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। यह राज्य स्तरीय 322वीं एवं दुर्ग जिले की 12वीं जनसुनवाई रही।

सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें एक मामला सीआरपीएफ में पदस्थ आरक्षक से जुड़ा था, जिसके विरुद्ध गंभीर आरोप सामने आए। आरोप है कि अनावेदक ने अपनी पत्नी को गर्भावस्था के दौरान घर से निकाल दिया और बच्चे के जन्म के बाद भी न तो पत्नी से मिलने गया और न ही नवजात को देखने आया। साथ ही, महिला और उसके परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए। महिला आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई 25 जून को दंतेवाड़ा कैंप में तय की है और इसके पश्चात यह प्रकरण रायपुर कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा।



### शिकायत : पढ़ाने के बजाय म्यूजिक के काम में लगे रहे शिक्षक

एक मामले में स्कूल शिक्षक द्वारा महीने में केवल एक बार उपस्थिति दर्ज कराने आता था और म्यूजिक टीचर के रूप में बाहर काम करता था। कार्य में लापरवाही के आरोप में जांच के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल में अपनी पत्नी को लेकर आता था। आरोपी शिक्षक का पक्ष दर्ज किया गया और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अगली सुनवाई रायपुर में तय की गई है। कई प्रकरणों में आपसी सुलह के बाद आवेदिकाओं द्वारा शिकायतें वापस ली गईं और उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका का प्रकरण जमीन पर कब्जे का विवाद था। जिस पर अनावेदक के द्वारा आवेदक के पति के साथ राजस्व अधिकारी के कार्यालय में सीमांकन प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। संपत्ति विवाद, न्यायालय में लंबित प्ले ग्राउंड विवाद, पारिवारिक झगड़े आदि जैसे प्रकरणों को न्यायालयीन प्रकृति का मानते हुए आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि आयोग प्रत्येक महिला को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन साथ ही, झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोपों पर भी सख्त नजर रखी जा रही है।

### बहू की फर्जी शिकायत किया निरस्त

एक अन्य मामले में वृद्ध सास-ससुर (उम्र 87 और 80 वर्ष) के खिलाफ उनकी बहू द्वारा लगातार झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति करने की शिकायत पर आयोग ने गंभीर टिप्पणी की। जांच में पाया गया कि, बहू संपत्ति के लिए परेशान कर रही है और पहले भी माननीय उच्च न्यायालय से मामला हार चुकी है। इस पर आयोग ने प्रकरण को निराधार मानते हुए नस्तीबद्ध कर दिया।

# कबीर दोहे पालन करने से मिलती है आत्मिक शांति

भिलाई। सद्गुरु कबीर पूर्णिमा समिति भिलाई दवरा रिसाली में आयोजित कबीर प्राकट्य महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कबीर पंथी समाज सहित आसपास के लोग शामिल हुए। इस दौरान विधिवत कबीर साहेब की पूजा अर्चना कर चौका आरती की गई।

■ युवा मांस मदिरा से रहे दूर, सत्संग लाभ से आध्यात्मिक शांति मिलती हैं

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और उन्होंने कबीर साहेब को प्रणाम कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग लाभ प्राप्त किया। इस दौरान ललित चंद्राकर ने कहा कि संत कबीर की अमृतवाणी का पालन हमें आध्यामिक सुख की अनुभूति प्रदान करता है। विश्व में अनेकों संत का अवतरण हुआ है, जिसमें से एक महान विचारक संतो में से एक थे संत कबीर। उनके बताए हुए मार्गों में चलने वाले कबीरपंथी कहलाए। लेकिन आज कलयुग की चकाचौंध दुनिया में कबीर पंथ कभी रहा था इस तारतम्य में चलने लगे है। युवाओं को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सत्य की राह, मांस, मदिरापान से दूर सात्विकता को धारण करते हुए भविष्य को उज्जवल बनाने का सुअवसर हमारे समाज के पास है। उन्होंने कबीर साहेब की वाणी को अपने जीवन में आत्मसात कर मानव कल्याण के लिए काम करने की बातें कबीर दोहे के साथ कही।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने की खाद्य गोदाम निर्माण की मांग

**कवर्धा।** सिंघनपुरी में ग्रामीणों को सुविधा पहुंचने के उद्देश्य से खाद्य गोदाम का निर्माण कराया गया था। सरकारी उचित मूल्य की दुकान और गोदाम का निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृत राशि से 2011-12 में भवन बनकर तैयार हुआ। लेकिन वर्तमान में भवन पुराना होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। प्लास्टर गिर रहे हैं, जगह-जगह दरार पड़ चुके हैं। भवन की बदहाल स्थिति को देखते हुए गोदाम दो सालों से सामाजिक भवन पर संचालित हो रहा है। ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके। ग्रामीणों ने गोदाम निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### चिल्फीघाटी में ट्रक का ब्रेक फेल, ट्रक पलटा

**चिल्फीघाटी।** चिल्फीघाटी नेशनल हाईवे 30 पर गत मंगलवार को एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक चालक-परिचालक ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। दोनों के कूदने के बाद ट्रक डिवाइडर में जा टकराया और पलट गया। हादसे में चोटिल चालक-परिचालक को प्राथमिक उपचार बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ये ट्रक दमोह एमपी से रायपुर जा रहा था। इसी बीच ये हादसा हो गया। दरअसल, राज्य की सबसे व्यस्त मार्ग ब नेशनल हाईवे 30 चिल्फीघाटी में 8 किलो मीटर का मोड़ है। यहां आए दिन हादसे हो रहे है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक में लोड मक्का सड़क में बिखर गया। जिसकी भनक मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मक्का ले जाने लगे। बाद पुलिस ने उन्हें रोका।

### तेजी से हो रहा गांवों का विकासः डॉ. वीरेन्द्र साहू

**कवर्धा।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार मूलभूत विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम झलमला में 5 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसानो, महिलाओं सहित सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है।
हाल ही में शासन के निर्देश में गांव-गांव में सुशासन तिहार चलाकर लोगों की समस्याओं व मांगों का समाधान शिविर के माध्यम से किया गया वहीं अब शासन के निर्देश में गांव-गांव में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से निःशुल्क खसरा, बी-1 नक्शा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसानो और ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यो के लिए भटकना न पड़े। इसके साथ ही शासन द्वारा गांवों के समुचित विकास का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है और ग्रामीणों की मांगों व आवश्यकताओं के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर उन्हे मूर्त रूप दिया जा रहा है। डॉ. साहू ने कहा कि आज इसी कड़ी में ग्राम झलमला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

## निधन

### डॉ. रामशंकर सिंह

**नवागढ़।** मंजगांव निवासी डॉ. रामशंकर सिंह का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और रायपुर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक ग्राम मंजगांव में सम्पन्न हुआ। डॉ. रामशंकर सिंह, रामनिवास सिंह एवं रघुनायक सिंह के पिता तथा पत्रकार श्रीकांत सिंह के चाचा थे। उनके निधन से नवागढ़ सहित क्षेत्र में शोक की लहर है।



---

**शिविर : शिक्षक हैं राष्ट्र के निर्माता, संस्कृति बोध ही है सशक्त समाज की नींव**

# हरिद्वार के शिक्षक गरिमा शिविर में नवागढ़ के 45 शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



हरिद्वार स्थित शांतिकुंज परिसर में 1 एवं 2 जून को आयोजित शिक्षक गरिमा शिविर में छत्तीसगढ़ के विकासखंड नवागढ़ से 45 शिक्षक शामिल हुए। दो दिवसीय इस आवासीय निशुल्क शिविर में उड़ीसा और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यो के शिक्षकों ने भी सहभागिता निभाई। शिक्षकों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में गहन प्रशिक्षण दिया गया।

**भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से होगा संस्कृति का संचारः** शिविर का उद्देश्य भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में सनातन संस्कृति, नैतिक जीवनशैली एवं राष्ट्रीय चेतना का प्रसार करना है। शांतिकुंज प्रभारी राम यश तिवारी ने अध्यापक हैं राष्ट्र निर्माता, छात्र हैं भाग्य विधाता विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का दायित्व केवल विषय पढ़ाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना भी है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को संस्कारों से जोड़ें और विद्यार्थियों को भारतीय जीवन मूल्यों की जानकारी दें। तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी पाश्चात्य आकर्षण के प्रभाव में है, ऐसे में शिक्षकों की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### विद्वानों का मार्गदर्शन मिला

शिविर में वक्ताओं के रूप में चक्रधर थपलियाल, डॉ. पूर्व शर्मा, केदार प्रसाद दुबे, दिनाबेन त्रिवेदी, उमेश शर्मा, कमल नारायण, नमो नारायण पांडे, नरेंद्र ठाकुर एवं शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षकों को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, राष्ट्र निर्माण, शिक्षक की भूमिका और नैतिक शिक्षा जैसे विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया।

**शिक्षकों ने बताई अनूठी अनुभूतिः** शिविर में पहली बार भाग लेने वाली शिक्षिका अनीता साहू ने कहा कि यह शिविर न केवल शिक्षकों को अपने दायित्वों का बोध कराता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भी प्रेरित करता है।

व्याख्याता दीपचंद देवांगन ने शिविर को शिक्षकों के कर्तव्यबोध के जागरण हेतु आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक जागरूक होंगे तभी विद्यार्थी अनुशासित और संस्कारित बनेंगे।

विवेकानंद विद्यालय नवागढ़ के संचालक वीरेंद्र जायसवाल ने शिक्षक गरिमा शिविर को ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से शिक्षकों को नई दृष्टि और नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराएं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास करें।

### सम्मान पत्र प्रदान कर बढ़ाया उत्साह

शिविर के समापन अवसर पर भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नवागढ़ विकासखंड से भाग लेने वाले प्रमुख शिक्षकों में शांत कुमार पटेल, सीमा जयसवाल, अशोक कुमार भारती, मनोज कुमार वर्मा, परदेसी राम निषाद, हेमूलाल निषाद, रमेश बंजारे, हुपेंद्र साहू, दुर्गात्री यादव, फूल सिंह जायसवाल, रोहित निर्मलकर, भुनेश कुमार साहू, रामेश्वर यादव, छत्रपाल साहू, चंद्रकली यादव, नरेश कुमार साहू, गीतेश्वर यादव, ढाल सिंह साहू, मनहरण वर्मा, दशरथ साहू, मिथिलेश कुमार, नरेंद्र वर्मा, जयदीप साहू, लोकेंद्र कुमार गुप्ता, गणपत राम साहू, सावित्री साहू, सुमेद राम साहू, ओंकार साहू, मनीष साहू, रेखा निषाद, मिलाप राम आदि शामिल रहे।

**शिक्षक गरिमा शिविर बना प्रेरणा का केंद्रः** शिविर में शामिल शिक्षकों ने इसे जीवन में नया दृष्टिकोण देने वाला अवसर बताया। सभी ने एक मत से कहा कि आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए शिक्षकों को पहले आदर्श बनना होगा और अपनी भूमिका को गहराई से समझना होगा। शांतिकुंज द्वारा आयोजित यह शिविर न केवल शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बना बल्कि भारतीय संस्कृति के नवप्रसार का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

---

# सिख समाज ने संत कबीर का 627वां प्रकाश पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सिक्ख समाज ने बुधवार को गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल कार्यालय में भगत कबीर का 627वां प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल एवं धर्म प्रचार कमेटी छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय गुरमत कैंप के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत अरदास से की गई, जिसके बाद उपस्थित संगत को कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बच्चों को भगत कबीर के जीवन और शिक्षाओं से अवगत कराया गया। प्रचारक भाई मनप्रीत सिंह पंजाब वाले ने बच्चों को संबोधित करते हुए भगत कबीर के जीवन संघर्ष, समाज सुधार के प्रयासों और कर्मकांड के विरुद्ध उनके विचारों की जानकारी दी। गुरु ग्रंथ साहिब में भगत कबीर की वाणी का विशेष स्थान है। अध्यक्ष हरजीत सिंह खनूजा ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में भगत कबीर की वाणी 17 रागों में संकलित है, जिसमें कुल 227 पद और 237 श्लोक शामिल हैं। इस अवसर पर स्टडी सर्कल के पदाधिकारी और समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अध्यक्ष हरजीत सिंह खनूजा, सचिव हरदीप सिंह छाबड़ा (राजा), बलवंत सिंह गुंबर, हरजीत सिंह हुरा, वरिंदर सिंह सलूजा, कश्मीर सिंह, प्रीतम हुरा, घनश्याम गुंबर, पप्पी सिंह अजमानी, हेमंत नेहरू मौजूद रहे।

महिला विंग से अध्यक्ष गुरप्रीत कौर छाबड़ा (शैली), रानी कौर हुरा, जसबीर कौर छाबड़ा, मीना कौर हुरा, पूजा गुंबर और बबली कौर हुरा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

---

# मां भद्रकाली मानस संघ का बेबी साहू बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ग्राम खैरझिटी में माँ भद्रकाली जिला मानस संघ की बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी के पूजन-अर्चन से हुई, जिसके पश्चात संघ की एकता, सशक्तिकरण एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने की, जिनके मार्गदर्शन में संगठन के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। बेबी साहू (नवागांव) को तहसील बेमेतरा उपाध्यक्ष के दायित्व का दायरा सौंपा गया, वहीं पीताम्बर पटेल एवं खेलन सिंह राजपूत को जिला संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी समय में खैरझिटीकला में व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक चेतना, स्वास्थ्य जागरूकता तथा साहित्यिक रुचियों को प्रोत्साहित करना रहेगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, डा. ओंकार चंद्राकर, बिहारी यादव, राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव, विष्णु साहू, छगन साहू, महेंद्र चौहान, गुहाराम, ओम यदु, ईश्वर चंद्राकर, अजय यादव, ईश्वर सिन्हा, गजेंद्र वर्मा, राम किशोर वैष्णव, माखन साहू, सोहन, दीपक सिन्हा, कल्याणी सेन, लोकेंद्र सेन, नरेन्द्र जायसवाल, ललित साहू, रवि मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी एवं मानस मंडली सदस्य उपस्थित रहे।

---

# साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ जांच व कार्यवाही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

थाना भोरमदेव में पंजीबद्ध साइबर ठगी के प्रकरण अपराध क्रमांक 28/2025 में कबीरधाम पुलिस द्वारा की गई जांच में महत्वपूर्ण मोड़ सामने आया है। गौरतलब है कि यह जिले का पहला मामला है जिसमें म्यूल अकाउंट धारकों के तीसरे स्तर तक पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में नामदेव साहू द्वारा आईसीआईसीआई बैंक में संचालित खाता, जो संचालक भोरमदेव कृषि केन्द्र के नाम पर खोला गया था, अब तक देशभर के 72 विभिन्न स्थानों से प्राप्त साइबर ठगी की शिकायतों के आधार पर संदिग्ध पाया गया है। इन शिकायतों के आधार पर इस खाते में 1,49,15,792.50 से अधिक की राशि फ्रीज की गई है, जबकि पहले केवल 56 शिकायतों के आधार पर 70,27,299 की राशि की ही पुष्टि हो सकी थी। पुलिस के मुताबिक अब तक इस सुनियोजित ठगी में आरोपी नामदेव साहू खाता धारक एवं संचालनकर्ता तथा सत्यनारायण दुबे खाते की गतिविधियों में सहयोगी को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे की जांच व कार्यवाही के लिए साइबर सेल की टीम रायगढ़ भेजी गई थी, जहां से टीम को कई तकनीकी इनपुट प्राप्त हुए हैं। जिनके आधार पर प्रकरण में बीएनएस की धारा 317(4), 318(2), 61(2), 111(3) के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

### कई राज्यों से जुड़ रही मामले की कड़ियां

जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार साइबर ठगी के इस मामले में आगे की कड़ियां उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान से जुड़ती प्रतीत हो रही हैं, जिसके आधार पर अब टीमें इन राज्यों की ओर रवाना करने की तैयारी में हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में साइबर अपराध की गहराई तक पहुंचने, म्यूल अकाउंट के नेटवर्क को उजागर करने और इससे जुड़े आर्थिक लेन-देन की परत-दर-परत जांच जारी है। यह कार्रवाई राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन में हो रही है। पुलिस ने लोगों से किसी भी प्रलोभन में आकर अपना बैंक खाता, ओटीपी या दस्तावेज अजनबी को न देने तथा साइबर ठगी से जुड़ी किसी भी जानकारी मिलने पर तत्काल 1930 या निकटतम थाना में सूचना देने की अपील की है।

---

## टीबीसी एप के द्वारा संकुल पालक शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**बोड़ला।** संकुल पालक के आदिवासी बालक आश्रम चोरभट्टी में बुधवार की सुबह 10 बजे से शिक्षकों को टीबीसी एप प्रशिक्षण दिया गया। सत्र 2025-26 में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निः शुल्क पाठ्य पुस्तक योजनांतर्ग कक्षा पहली से कक्षा 10 वीं तक प्रदाय किए जाने वाले पाठ्य पुस्तक के बारकोड को एप के माध्यम से इंद्राज व स्कैन किया जाना है। पाठ्य पुस्तकों को एप के माध्यम से इंद्राज स्कैन किए जाने हेतु आज प्रशिक्षण संकुल प्राचार्य सोहन यादव द्वारा दिया गया। जिसमें 5 प्राथमिक, 4 माध्यमिक, 1 हाई स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित शिक्षक चैतराम धुर्वे प्रधान पाठक, प्राथमिक विद्यालय बेलापानी, सुरेश धुर्वे प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय पालक, भोलाराम बनवासी, प्राथमिक विद्यालय रानीदहरा की जानकारी उच्च कार्यालय को प्रेषित की गई। प्रशिक्षण में विद्यालय की साफ सफाई,वार्षिक शाला कलैंडर की जानकारी, 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव मनाने, समय पर विद्यालय में उपस्थिति, शिक्षक डायरी संधारण, आदि के बारे में निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में संकुल प्राचार्य, शत्रुघन धुर्वे, सूरतिया राम साहू, अंपूर्णा यादव एवं सभी प्रधान पाठक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

---

## सरकार के युक्तियुक्तकरण से जैतपुरी व सारंगपुरकला प्राथमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का असर कबीरधाम जिले में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। जिले के शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अब शिक्षकों की नियमित नियुक्ति हो चुकी है, जिससे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। युक्तियुक्तकरण नीति से जिले के कवर्धा विकासखंड के जैतपुरी और बोड़ला विकासखंड के सारंगपुरकला जैसे प्राथमिक स्कूलों, जो पहले शिक्षकविहीन थे, अब नियमित शिक्षक उपलब्ध हो गए है। पहले इन विद्यालयों में शालासंलग्नीकरण के माध्यम से शिक्षक की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब युक्तियुक्तकरण के बाद वहां स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना की जा चुकी है। जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू ने बताया कि कबीरधाम जिले में 02 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 111 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय तथा 07 पूर्व माध्यमिक शाला और 05 हाईस्कूल एकल शिक्षकीय था। युक्तियुक्तकरण से इन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में प्राथमिक शालाओं में 202 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 31 शिक्षक और हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल में 43 व्याख्याता अतिशेष थे। जिसका युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की समानांतर रूप से व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हमारे जिले में 02 प्राथमिक शालाओं का समायोजन किया गया है। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। कबीरधाम जिले में 1609 स्कूलों में से 1607 स्कूल यथावत संचालित रहेगी। सिर्फ उन्हीं 2 स्कूलों का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम थी और पास में बेहतर विकल्प मौजूद थे। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित किया गया है। इसके साथ ही अतिरिक्त शिक्षकों का समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

---

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा कांग्रेस भवन में विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि विद्याचरण शुक्ला एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने विद्याचरण शुक्ला को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों को याद किया। कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि विद्याचरण शुक्ला की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, संगठन महामंत्री, बिन्नू तिवारी पार्षद, धनेश पाली, तुकेश्वर साहू, रामायण सिन्हा, जलेश्वर यादव, नरेंद्र धुर्वे पूर्व पार्षद, डोगेंद्र सेन और सुरेश वर्मा मिडिया प्रभारी शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

---

**किसानों व ग्रामीणों को गांव में ही निःशुल्क नक्शा, खसरा एवं बी-1 राजस्व दस्तावेज वितरण**

# जनहितकारी सोच का साकार रूप, अब राजस्व सेवाएं पहुंचीं रही गांव-गांव तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




किसानों और ग्रामीणों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 जैसे आवश्यक राजस्व दस्तावेज गांव में ही निःशुल्क उपलब्ध कराने की अभिनव पहल में कबीरधाम जिला राज्य का पहला जिला बन गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ग्रामीण और किसानों की सुविधा के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर सुविधा देना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। बुधवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम दशरंगपुर में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी और जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू ने किसानों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 की निःशुल्क प्रतियां प्रदान की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयाम, मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार ग्रामीणों और किसानों की सुविधा के लिए जिले में विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। यह छत्तीसगढ़ का पहला जिला है, जहां किसानों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 की प्रतियां गांव में ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों एवं ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें प्राप्त शिकायतों का तत्काल समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व दस्तावेजों में पाई जाने वाली त्रुटियों को सुधारने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिन अभिलेखों में अभी त्रुटियाँ शेष हैं, उनमें भी शीघ्र सुधार कर लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर राजस्व संबंधी शिकायत का पूरी गंभीरता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रायः दस्तावेज निकालने के बाद ही त्रुटियाँ सामने आती हैं, जिससे किसानों को कठिनाई होती है। उप मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसानों को पहले से ही उनका नक्शा और खसरा प्रदान किया जाए, ताकि वे समय रहते मिलान कर सकें और आवश्यक सुधार प्रारंभिक स्तर पर ही हो जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी किसानों से अपील की कि वे अपने नक्शा और खसरा को सुरक्षित रखें और उसका मिलान अवश्य करें। यदि किसी दस्तावेज में कोई त्रुटि पाई जाती है तो तत्काल आवेदन दें, संबंधित सुधार शीघ्र किया जाएगा।

